# प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 अगस्त।** जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को औचक निरीक्षण करते हुए शिवपुरी जिला चिकित्सालय तथा शहर के अन्य स्थलों पर स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा, विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, एसडीएम आनंद राजावत, तहसीलदार शिवपुरी सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। आकस्मिक चिकित्सा विभाग में बने ट्रामा सेंटर में चिकित्कीय उपकरण एवं मशीनों की जानकारी उपस्थित चिकित्सकों से ली। विशेष देखभाल कक्ष के समीप दीवारों पर गंदगी देखकर उन्होंने तत्काल स्वयं सफाई की तथा निर्देश दिए कि चिकित्सालय में जहां-जहां गंदगी हो, वहां समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा रोड स्थित लुहारपुरा पुलिया का निरीक्षण किया। यहां गंदगी देखकर उन्होंने नगर पालिका के सफाई प्रभारी योगेश शर्मा को फूलों की माला पहनाकर समझाइश दी और चेतावनी दी कि भविष्य में गंदगी दिखाई दी तो कार्यवाही होगी। श्री तोमर ने स्वयं पुलिया के पास फावड़ा चलाकर सफाई भी की और एसडीएम को निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी गंदगी जमा न होने पाए। जिस पर तुरंत एक्शन लेते हुए लुहारपुरा पुलिया पर जेसीबी मशीन से कचरा हटाकर साफ-सफाई की कार्रवाई भी की गई। प्रभारी मंत्री ने पुरानी शिवपुरी स्थित सुषमा मेडिकल के पास बने कचरे स्थल का भी निरीक्षण किया। यहां खुले विद्युत तार देखकर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल सुरक्षा हेतु वॉक्स लगाने और तारों की फेंसिंग कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों की शिकायतें भी सुनी और उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मंशा है कि शिवपुरी जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य हों और विकास की गति को और तेज किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कमियों को शीघ्र दूर कर जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# फोटोग्राफी एक कला जिसे पढ़ाई करने के बाद व्यवसाय के रूप में कर सकते : भार्गव



**विश्व फोटोग्राफी दिवस पर सेवा भारती वनवासी छात्रावास के छात्रों को वरिष्ठ फोटोग्राफरों द्वारा दिए फोटोग्राफी के टिप्स**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,20अगस्त।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर फतेहपुर स्थित सेवा भारती वनवासी छात्रावास परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें फोटोग्राफी एक कला है जिसे यहां अध्ययनरत छात्रो के द्वारा समझा गया और उन्हें वरिष्ठ फोटोग्राफरों के द्वारा फोटोग्राफी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात आए हुए फोटोग्राफरों का सेवा भारती समिति द्वारा स्वागत किया गया। संस्था ने संस्था से जुड़े हुए फोटोग्राफरों को विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर विशेष रूप से बुलाया जिसमें प्रमुख रूप से नवीन तनेजा नवीन स्टूडियो, सुनील भास्कर सिद्ध फोटो, वरुण भार्गव वरुण इवेंट, राजेश कुलश्रेष्ठ एवं ओम बंसल, बंसल कलर लैब शामिल हुए।

फोटोग्राफी कब से प्रारंभ हुई ब्लैक एंड व्हाइट फोटो कब बने एवं कलर फोटो ग्राफी का स्वरूप बाद में कैसे आया इन सब के विषय में जानकारी छात्रों को ओम बंसल द्वारा विस्तार से दी गई, उसके बाद फोटो कैमरे के बारे में जानकारी राजेश कुलश्रेष्ठ द्वारा छात्रों को दी गई। कैमरे में स्पीड, अपर्चर, लेंस, ऑब्जेक्ट को पास दूर कैसे करें एवं छात्रों के द्वारा स्वयं प्रैक्टिकल करवाया गया। वरुण भार्गव ने ड्रोन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके द्वारा हम मनचाही ऊंचाई और दूर के चित्रों को रिकॉर्ड कर सकते हैं, रिमोट के द्वारा जो आपके पास रहता है, जहां हम स्वयं नहीं जा पाते दुर्गम पहाड़ों, नदी नालों या ऐसी जगह जो की जोखिमपुर हो सकती है उसके लिए यह ड्रोन बहुत ही उपयोगी से होता है, आजकल तरह-तरह के ड्रोन आते हैं, ऑपरेशन सिंदूर में भी आधुनिक ड्रोनों का उपयोग हमारी भारतीय सेना द्वारा किया गया था, ड्रोन बहुत सेंसिटिव होता है जिसे बहुत सावधानी पूर्वक उपयोग करना पड़ता है। आए हुए सभी फोटोग्राफरों का छात्रावास के अध्यक्ष हरज्ञान प्रजापति द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# हनुमान चालीसा, सनातन धर्म को बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़कर भाग ले रही है महिलाएं



**हनुमान चालीसा का घर में प्रतिदिन पाठ करना चाहिए, जिससे बच्चों में अच्छे संस्कार होंगे**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 अगस्त।** बीती 1 अप्रैल से प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ शिवपुरी शहर में भक्तों के घर पर तथा भक्तों के प्रतिष्ठानों पर मंदिरों पर प्रतिष्ठानों पर इस संगठन द्वारा प्रति मंगलवार को निःशुल्क हनुमान चालीसा कापाठ किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बागेश्वर हनुमान चालीसाभक्त मंडल संगठन के राजेंद्र पिपलोदा ने बताया कि संगठन द्वारा अभी तक 21 स्थानों पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जा चुका है हनुमान चालीसा के माध्यम सेहम सनातन धर्म को हिंदुत्व को बढ़ाने के लिए शिवपुरी शहर में महिलाएं बढ़-चड कर हनुमान चालीसा पाठ में भाग ले रही है और घर-घर हनुमान चालीसा का अलख जगा रही है। गत उिचय शोभा पुरोहित शिवपुरी ने शिवपुरी के सुप्रसिद्ध मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के प्रांगण में हनुमान चालीसा का मधुर संगीत मय में पाठ किया गया जिसमें पांच सौ से अधिक पुरुष तथा महिलाओं ने भीबढ़-चढ कर हनुमान चालीसा में भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती शोभा पुरोहित ने कहा कि हिंदुओं को प्रतिदिन घर मेंहनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए जिस से घर म की सभी बाधाएं दूर हो जाती है और कहा कि मेरे घर में पूरे लोग प्रतिदिन .हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। कार्यक्रम आचार्य महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास जी महाराज तुलसी आश्रम, अरुण कुमार महाराज मंशापूर्ण मंदिर, सुप्रसिद्ध कथा वाचक महेंद्र महाराज तेनुगुरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव, श्रीमती सीमा शिवहरे जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, डॉक्टर रश्मि गुप्ता, व पूर्व विधायक बीरेन्द्र रघुवंशी तथा वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्रवाल एवं आरती जैन सहित शिवपुरी शहर के कई गणमान्य लोग तथा बागेश्वर हनुमान चालीसा भक्त मंडल के सदस्य गण में उपस्थित थे।

## मनरेगा अभियंता संघ ने अपनी लंबित मांगो को लेकर की मुलाकात

शिवपुरी। मनरेगा अभियंता संघ ने सभी साथियों के साथ अपनी मांगो के ज्ञापन सहित अपने जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर अपनी समस्याओं ओर मांगो से अवगत कराया और समर्थन मांगा। इस दौरान शिवपुरी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा अमित यादव, शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी,कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव से मुलाकात की। सभी जन प्रतिनिधियों ने संघ की मांगो को उचित माना और इन मांगो को उचित प्लेटफार्म पर रखने का आश्वासन दिया।

# छात्राओं को बाढ़ से बचाकर शिक्षकों ने घर पहुंचाया

**बैतूल।** विगत दिनों शिक्षकों की सतर्कता और तत्परता के चलते अप्रिय घटना घटित होने से बच गई। जिससे बच्चे व पालकों ने राहत की सांस लेकर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान करते हुए बच्चों को घर पहुंचने पर उसकी आंखों से आंसू झलक उठे। मंगलवार शाम ढोंडवाड़ा स्कूल की छात्र-छात्राएं नियत समय पर स्कूल बंद होने पर अपने गांव सावंगा और सेलगांव के लिए निकले। रास्ते में हल्की बारिश हो रही थी इसलिए बच्चे घर रवाना हो गए लेकिन करंजी नाले के ऊपरी हिस्से में अचानक तेज होने के कारण नाले के रपटे पर से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके कारण बच्चे लेट होने के चलते पालकों व ग्रामीणों ने शिक्षकों से तत्काल संपर्क किया। संस्था के वरिष्ठ कैलाश पवार ने नाले पर पहुंचकर चौ पहिया वाहन की व्यवस्था कर दूसरे सुरक्षित रास्ते से बच्चों को सकुशल घर तक पहुंचाया। बच्चों को घर सकुशल देखकर पलकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिक्षकों के इस प्रयास की ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रयास अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय पहल है।

# भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर करें जीवन कल्याण : किशोरीजी

**एकल अभियान एवं श्रीहरि कथा सत्संग के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा में भावविभोर हुए श्रद्धालु**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 अगस्त।** भगवान को प्राप्त करने के लिए किसी तरह के आडम्बरों की नहीं बल्कि स्वच्छ मन की जरूरत है, प्रतिदिन ब्रह्ममूहूर्त में उठकर स्नानादि करके प्रभु भजन करें और तत्पश्चात अपने नित्य दैनिक कार्यो को करें, लेकिन व्यापार, कारोबार, दुकान अथवा ऑफिस में जाकर अपने कर्तव्य का जिस प्रकार से निर्वाहन किया जाए उसी प्रकार से भगवान प्राप्त को प्राप्त करने के लिए स्वच्छत से भी भक्ति की जाए, भगवान के प्रति आश्रित होकर भजन, पूजा-पाठ, मंत्र जाप, दैनिक संध्या के समय प्रभु भक्ति यह सभी प्रक्रियाऐं ईश्वर मार्ग को प्रशस्त करती है, भगवान श्रीराम के आदर्शों को भी अपने जीवन में उताकर मानव प्राणी अपने जीवन कल्याण कर सकता है इसलिए श्रीराम कथा का श्रवण करते समय कथा के सार को अपने जीवन में जरूर उतारे। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का यह मार्ग प्रशस्त किया वनवासी कथाकार सुश्री संगीता किशोरी जी ने स्थानीय जल मंदिर मैरिज हाउस में एकल अभियान एवं श्री हरि कथा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा के समापन अवसर पर कथा का श्रवण करा रही थी। इस दौरान कथा में समस्त श्रद्धालुजन भावविभोर होते हुए नजर आए जब भगवान श्रीराम के विवाह पश्चात वन गमन, सीता हरण जैसे प्रमुख संवादों का कथा में उल्लेख किया तो श्रद्धालुओं के आंखों से भी अश्रुधरा बहने लगी। कथा समापन के दौरान भगवान के विभिन्न प्रसंगों पर श्रीराम- जय राम-जय-जय राम के जयघोष कथा प्रांण में गुंजायमान रहे। कथा में विशेष रूप से देवेन्द्र मजेजी, मथुराप्रसाद गुप्ता, सुनील उपाध्याय, राजेश गोयल रजत, मनीष जैन, विष्णु मंगल, जल मंदिर गार्डन संचालक सौरभ अग्रवाल लकी, आनंद अग्रवाल का विशेष सहयोग कथा में प्राप्त हुआ। कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष सहित बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर भगवान श्रीराम के आदर्शों को व्यासपीठ से श्रवण किया।

# साहित्य जगत की प्रतिष्ठित परंपरा पावस गोष्ठी आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 अगस्त।** अंचल के साहित्यकारों का मिलन समारोह पावस गोष्ठी का आयोजन शहर के छतरी रोड स्थित जगन्नाथ रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। समारोह साहित्यकारों द्वारा साहित्यकारों के लिए था, सभी साहित्यकारों के जलपान के साथ आयोजन प्रारंभ हुआ,दूसरी पाली समारोह की मुख्य कड़ी कवि सम्मेलन का आयोजन,जो अजय जैन अविराम के कुशल और चुस्त संचालन मे किया गया। करैरा से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम योगी की अध्यक्षता, यूसुफ हाजी अहमद, राजेंद्र श्रीवास्तव, और इशरत ग्वालियरी जी के विशिष्ट आथित्य में हुई। कवि सम्मेलन का शुभारंभ शिवकुमार राय द्वारा पढ़ी सरस्वती वंदना से हुई,इसके बाद राकेश भटनागर भ्रमर द्वारा अपने काव्यपाठ मे सुनाया सावन मन को भा रहा ठंडी चले बयार, हरी भरी वसुधा लगे अनुपम है संसार। आयोजन मे नवांकुर कवियत्री मृदुला नामदेव ने कृष्ण को भाव अर्पित करते हुए सुनाया, राधा केवल नाम नहीं है, यह तो एक आधारशिला है। स्वयं प्रेरणा पुंज कृष्ण की, प्रेयसी का तो नाम मिला है। संचालन अजय जैन अविराम ने किया। कवि सम्मेलन मे राधे श्याम सोनी,राम कृष्ण मौर्य,करैरा से सौरभ तिवारी, प्रभु दयाल शर्मा, रमेश वाजपेई, कल्पना सिनोरिया, बसंत श्रीवास्तव, शिशु रोग विशेषज डॉ निसार अहमद, प्रकाश चंद सेठ, याकूब साबिर, देवेंद्र शर्मा, त्रिलोचन जोशी, विवेक वाजपेई, सतीश दीक्षित किंकर, राधेश्याम सोनी ने भी अपनी उम्दा रचनाओं का पाठ कर आयोजन को चिरस्मरणीय बना दिया। आभार प्रदर्शन दिनेश वशिष्ठ द्वारा किया गया। अंत में सभी उपस्थित साहित्यकारों के सामूहिक भोज के साथ आयोजन पूर्णता को प्राप्त हुआ।

# यातायात विभाग ने अतिक्रमण विरोधी मुहिम, शहर के प्रमुख स्थलों से हटाए अतिक्रमण




**ट्रैफिक सुधार की अभिनव पहल के प्रयासों को लेकर 40 ठेलेवालों को हटाया, हुआ विरोध**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 अगस्त।** जिला मुख्यालय पर लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के उद्देश्य से कलेक्टर रविन्द्र चौधरी व पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में यातायात प्रभारी रणवीर यादव, नपा अमला व प्रशासनिक टीम के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाते हुए शहर के प्रमुख स्थानों से अतिक्रमण को हटाया गया जिसमें 40 लाख से अधिक हाथ ठेलों को हटाया गया तो वहीं कई संचालकों के द्वारा विरोध भी किया गया लेकिन इसके इतर यातायात विभाग ने यातायात सुधार को लेकर अतिक्रमण मुहिम को चलायमान बनाए रखा, साथ ही कोर्ट रोड़ को वन-वे करने की तैयारी भी की।

बताना होगा कि शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने बड़ा कदम उठाया है। इस बैठक में कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने, सड़कों के चौड़ीकरण और कोर्ट रोड को वन-वे बनाने जैसे अहम फैसले लिए गए। इन फैसलों के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण विरोधी मुहिम बुधवार को शुरू की और रोटरी चौराहा से 40 से ज्यादा हाथ ठेले और गुमठियां हटवा दीं, साथ ही ठेले-स्टॉल वालों को चौराहे से 100 फीट अंदर शिफ्ट किया गया।

## यातायात प्रभारी ने कहा कोर्ट रोड़ को वन-वे बनाऐंगें

अतिक्रमण विरोधी मुहिम में शामिल यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने बताया कि शहर का प्रमुख कोर्ट रोड पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, इसे नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने बैठक में निर्देश दिए हैं।

इसके तहत जल्द ही कोर्ट रोड को वन-वे किया जाएगा। इसके पहले नगर पालिका और यातायात पुलिस पहले ठंडी सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगे, उसके बाद एक-दो दिन में कोर्ट रोड को वन-वे कर दिया जाएगा। नए प्रावधान के अनुसार माधव चौक से कोर्ट रोड अस्पताल चौराहा जाने वाले वाहनों को ठंडी सड़क से होकर जाना होगा, जबकि अस्पताल चौराहा से आने वाले वाहन सीधे माधव चौक की ओर जा सकेंगे।

इस मुहिम में नगर पालिका, यातायात पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई। इस दौरान करीब 30-40 हाथ ठेले व गुमठियां हटाई गईं। नपा के अतिक्रमण प्रभारी अशोक खरे ने बताया कि ठेले-स्टॉल वालों को चौराहे से 100 फीट अंदर शिफ्ट किया गया है और रोटरी चौराहा चाय वाले के पास की पार्किंग को भी व्यवस्थित किया गया है। इस दौरान प्रशासन की इस अतिक्रमण विरोधी मुहिम का विरोध भी किया गया जिसमें रोटरी चौराहा पर हाथ ठेला और गुमटी लगाकर रोजगार करने वाले लोगों का कहना है कि इस कार्यवाही के चलते हम बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की कार्यवाही दोहरी रही, कुछ लोगों को हटाया गया तो कुछ को छोड़ दिया गया। विरोध कर रहे लोगों ने यह भी कहा कि कार्यवाही से पहले प्रशासन की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई थी।

# शा . महाविद्यालय में प्रशनमंच प्रतियोगिता हुई आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भैंसदेही।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार दवंडे ने इतिहास विभाग द्वारा किए गए आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों में स्वतंत्रता संग्राम के संबंध में जागरूकता बढ़ेगी एवं उनका ज्ञानवर्धन भी होगा। प्रतियोगिता में पहले लिखित माध्यम से प्रारंभिक राउंड आयोजित किया गया, जिसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इनमें से 10 विद्यार्थियों को अगले चरण हेतु चयनित किया गया। इसके पश्चात पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पांच राउंड आयोजित किए गए। इनमें भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं , देशभक्ति पर आधारित फिल्मों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रविराज धुर्वे एवं राज कासदे ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पलक राठौर एवं प्रगति बारपेठे रहें। तृतीय स्थान रागिनी खंडाईत एवं आरती शनवारे तथा देवधन सुजाने एवं गुणवंत उईके ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ नीलिमा धाकड़ सहायक प्राध्यापक इतिहास ने किया। प्रतियोगिता ने आयोजन में डॉ मुकेश सस्तया, रविन्द्र सिंह शाक्यवार, सुश्री विशाखा गुरुव तथा समस्त प्राध्यापकों ने सहयोग प्रदान किया।

# चैक बाउंस के प्रकरण में 2 वर्ष कारावास एवं 1,24,000 रूपये से दण्डित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुर,20अगस्त।** उधार में लिए गए टायर के बदले में दिए गए चैक की राशि भुगतान ना करने पर एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय जेएमएफसी श्रीमती प्राची शर्मा उपाध्याय के द्वारा दिए गए फैसले में अभियुक्त को 2 वर्ष के कारावास एवं 1 लाख 24 हजार रूपये के प्रतिकर से दण्डित किया गया है। इस मामले में परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार गोयल के द्वारा की गई।

प्रकरण के बारे में एडवोकेट जितेन्द्र कुमार गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि रवि गुप्ता पुत्र श्री कैलाशचंद गुप्ता प्रोपराईटर मैसर्स राधे टायर्स निवासी माधव चौक शिवपुरी के प्रतिष्ठान से ईशाक खान पुत्र पीरा खान निवासी काली माता मंदिर के पास, इंद्रा कॉलोनी शिवपुरी के विरुद्ध 1,00,000/- रुपये के उधार टायर ट्यूब कय किये थे तथा 1,00,000/- रुपये की अदायगी बावत एक चैक दिया था जिसके डिस्ऑनर हो जाने के आधार पर प्रकरण धारा 138 एन. आई. एक्ट के तहत न्यायालय में पेश किया था, जो प्रकरण क. 468/2022 पर विचाराधीन रहा है, उक्त प्रकरण में न्यायालय जे.एम.एफ.सी. शिवपुरी श्रीमती प्राची शर्मा उपाध्याय ने अंतिम निर्णय दिनांक 08.08.205 को पारित किया है, जिसके अनुसार न्यायालय द्वारा ईशाक खान को दोषी पाकर 2 वर्ष के कारावास से दण्डित किया है साथ ही परिवादी रवि गुप्ता प्रोपराईटर मैसर्स राधे टायर्स को प्रतिकर के रूप में 1,24,000/- रूपये अदा करने का भी आदेश दिया है।

## अवैध शराब मामले में आरोपी दोषमुक्त

शिवपुरी। जिले के पिछोर क्षेत्र में अवैध शराब के मामले में दो अभियुक्तो को लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवपुरी के द्वारा प्रकरण की सुनवाई उपरांत दोषमुक्त कर दिया गया। इस मामले में अभियुक्तों की ओर से पैरवी अधिवक्ता गजेन्द्र यादव के द्वारा की गई। अभियोजन के अनुसार मामला इस प्रकार है कि सहायक उप निरीक्षक थाना पिछोर ने मुखबिर की सूचना पर से मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचकर दो व्यक्तियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो कैनों में 40-40 लीटर कुल 80 बल्क लीटर कच्ची शराब बरामद की और आरोपियों के विरूद्ध अवैध शराब का मामला आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया था। मामला जब पिछोर न्यायालय के समक्ष विचाराधीन होकर निर्णय की स्थिति में पहुंचा तो वहां से माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवपुरी के समक्ष तर्क एवं निर्णय के लिए आया। उक्त प्रकरण में तर्क एवं निर्णय के उपरांत माननीय न्यायालय ने उक्त आरोपी लखन व कैलाश यादव को दोषमुक्त करार दिया। इस मामले में पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के साथ सहयोगी अधिवक्ता अशपाक खान, अजय शाक्य द्वारा अभियुक्तों की ओर से की गई।

# नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी,20अगस्त।** बच्चों के स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीन वर्ल्ड स्कूल, भटनावर में निवारक कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अवधेश वर्मा द्वारा आयोजित हुआ। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गईं। साथ ही डॉ अवधेश वर्मा ने मौसमी बीमारियों से बचाव, समग्र अभिभावकता, बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने और उनमें जिम्मेदार नागरिकता व नागरिक बोध विकसित करने पर विशेष वार्ता की।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता, संतुलित जीवनशैली और सही अभिभावक मार्गदर्शन से बच्चे न केवल स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि भविष्य में एक जागरूक नागरिक भी बन सकते हैं। डॉ अवधेश वर्मा वर्तमान में ग्वालियर स्थित गजरा राजा मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं और वे नियमित रूप से विद्यालयों में जाकर निवारक कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे शिविर आयोजित करते रहते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने हिस्सा लिया और स्कूल प्रबंधन ने डॉ अवधेश वर्मा का आभार व्यक्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठने झंडावंदन के साथ किया पौधरोपण

शिवपुरी। मानव हितों को लेकर कार्यरत संगठन अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जिला शिवपुरी के द्वारा गत दिवस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था कार्यालय परिसर में संस्था के मेडीकल सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.बी.के.शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान के साथ मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय चेयरमैन पं.मोहित नवानी के निर्देशन में संस्था पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण के साथ कोठी नं.7 परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान संस्था के राष्ट्रीय सचिव विनोद गोस्वामी, डॉ.महेन्द्र कोठारी, बृजराज शरण अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री डी.के.पाण्डे, डॉ.ए.के.पाराशर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रिटा.जेलर डॉ.व्ही.एस. मौर्य, संगठन के मप्र प्रदेशाध्यक्ष विनोद कुमार राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी राजू यादव (ग्वाल) व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मिश्रा एवं जिला महामंत्री सतीश भार्गव विशेष रूप से मौजूद रहे।